राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

**राजभवन में गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह आयोजित**

**राज्यपाल श्री बागडे ने स्थानीय लोगों से संवाद कर बधाई और शुभकामनाएं दी**

**राज्यों के निवासी अपने प्रांत, जिले और मूल ग्राम से जुड़े रहकर वहां के विकास में सहभागी बने—राज्यपाल**

जयपुर, 1 मई। राजभवन में गुरुवार को गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान इन राज्यों के स्थानीय निवासियों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल श्री बागडे ने गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और हिमाचल के इतिहास और संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि यहां के निवासी जहां भी रहें, उन्होंने अपनी परम्पराओं को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के लोग राजस्थान में नौकरी की वजह से आते हैं परन्तु राजस्थान के उद्यमियों ने दूसरे राज्यों में जाकर उद्योग—धन्धे स्थापित कर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने में महती भूमिका निभाई है। उन्होंने राज्यों के निवासियों से अपने प्रांत, जिले और ग्राम से निरंतर लगाव रखने, जड़ो से जुड़े रहने और वहां के स्थानीय विकास में भूमिका निभाने का भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारत विविधता में एकता की संस्कृति वाला राष्ट्र है। राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को व्यवहार में सफलीभूत होते हम देख सकें। उन्होंने पीओके और तत्कालीन सैन्य स्थितियों के साथ राष्ट्र प्रेम के लिए किए कार्यों का भी स्मरण किया। उन्होने राष्ट्रोत्थान में सभी को मिलकर भूमिका निभाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री उत्कल रंजन साहू ने ओडिशा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए वहां की संस्कृति और राजस्थान में ओडिशा वासियों के योगदान की चर्चा की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री देवाशीष पुष्टि, श्री विष्णु चरण मलिक, पूर्व अधिकारी श्री जे.सी. मोहन्ती ने भी विचार रखे। हिमाचल प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के निवासियों ने अपने अपने प्रांत और राजस्थान से जुड़ाव पर जानकारी दी।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने आरंभ में सभी राज्यों के निवासियों से संवाद करते हुए अभिनंदन और स्वागत किया।

————




राजभवन, राजस्थान
उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात राज्य स्थापना
दिनांक 01 मई, 2025
DISTRICT MAP
ODISHA
महाराष्ट्र
गुजरात


राजभवन, राजस्थान
उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात राज्य स्थापना दिवस समारोह
दिनांक 01 मई, 2025
DISTRICT MAP
ODISHA
हिमाचल प्रदेश
महाराष्ट्र
गुजरात

